Need to expedite Koshi-Mechi link project - laid

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): कोसी-मेची लिंक परियोजना बिहार राज्य में कोसी के तीन जिलों मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और सीमांचल के चार जिलों में करीब एक लाख से अधिक हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा मिलेगी और बाढ़ से भी निजात मिलेगी । इसमें हमारा संसदीय क्षेत्र कटिहार सहित पूर्णिया, किशनगंज और अररिया चार जिले शामिल है। इस परियोजना से कटिहार जिले में लगभग 35 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई और बाढ़ से भी निजात मिलेगी । जिसमें कटिहार जिले के अन्तर्गत कदवा, डंडखोरा, प्रानपुर, मनिहारी, बरारी, कुर्सेला एवं अहमदाबाद प्रखंड लाभान्वित होगा । इस संबंध में पिछले वित्तीय वर्ष में कोसी-मेची लिंक परियोजना के बारे में मामला आपके समक्ष प्रस्तुत भी किया था । केन्द्र सरकार द्वारा इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करते हुए, बिहार राज्य सरकार का कोसी-मेची लिंक परियोजना के लिए मध्य प्रदेश की केन-बेतवा लिंक परियोजना की तर्ज पर केंद्रांश 90 फीसदी और राज्यांश 10 फीसदी बजटीय प्रावधान किया जाए । मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से माँग करता हूँ कि कोसी-मेची लिंक परियोजना बिहार राज्य में कोसी के तीन जिलों और सीमांचल के कटिहार सहित चार जिलों में इस परियोजना में तेजी लाई जाय, साथ ही मध्य प्रदेश की केन-बेतवा लिंक परियोजना की तर्ज पर केंद्रांश 90 फीसदी और राज्यांश 10 फीसदी बजटीय प्रावधान को भी लागू किया जाए ।